CCPS An AIChE Technology Alliance
Center for Chemical Process Safety
www.aiche.org/ccps

Process Safety Beacon
http://www.aiche.org/CCPS/Publications/Beacon/index.aspx
Messages for Manufacturing Personnel

This issue sponsored by
ioMosaic®
Minimizing risk. Maximizing potential.®
www.iomosaic.com

# आप चारो ओर से चेतावनी संकेतो से घिरे हुए है ?

मई 2019

एक विमान तल पर दाहिने ओर (तरफ) दो चित्र दिखाये गये है I एक उपकरण एक व्यक्ति गत लिफ्ट (एलिवेटर) है जो कि कर्मचारियो को कार्य करने के लिये उंचे स्थल पर ले जाने के लिये प्रयोग किया जाता था I इस प्लेटफार्म पर 24 चेतावनी नाम पत्र चिपकाये गये थे I आप क्या सोचते है कि प्रचालक इस में से कितने नाम पत्र पढ सकता है ? इस में कोई संदेह नहीं है कि ये चेतावनी संकेतो में एक संदेश होता है और एक अच्छा उद्देश्य की पूर्ति करता है I परंतु आप आश्चर्य सकत रह सकते है कि इतने अधिक चेतावनी संकेत आप का ध्यान भंग कर सकते है ,या हम इतने अत्याधिक विश्वस्त हो सकते है कि कोई भी इस तरफ उचित ध्यान दे रहा है I



क्या हम बहुत अधिक सूचना से जूझना पड रहा है? हाँ ! प्रोसेस उद्योगो में यही संकेत चिन्ह ही हो सकते है जिन को आप प्राय: देखते है और आप उन को पढने का कष्ट भी नहीं करते है ,या एक प्रक्रिया में वर्णित सावधानी की अवहेलना करते है I

## क्या आप जानते है ?

- चेतावनी चिन्ह इस लिये दर्शित किये जाते है ताकि किसी भी क्षेत्र में प्रोसेस जोखिमो से और विशिष्ट उपकरणो के बारे में लोगो को स्मरण करवाया जा सके I
- चेतावनी चिन्ह कुछ विशिष्ट पहलुओ को भी इंगित कर सकते है जो कि एक प्रोसेस क्षेत्र में या एक उपकरण के साथ सुरक्षा से नहीं किये जा सकते है I
- एक प्रोसेस क्षेत्र में संकेत चिन्ह प्राय: व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE) और अन्य सुरक्षा सूचना के बारे में आवश्यकताओ की सूचि को बताते है I चेतावनी और पी पी ई (PPE) की आवश्यकताओ को प्रचालन और अनुरक्षण प्रक्रियाओ , या कार्य अनुमति दस्तावेजो में सम्मिलित किया जाना चाहिये I
- यदि एक क्षेत्र में बहुत अधिक चिन्ह या संकेत है, तो ऐसा हो सो सकता है कि कुछ संकेतो पर आप का ध्यान न जाये और इस कारण कोई घटना हो सकती है I

## आप क्या कर सकते है ?

- प्रोसेस क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले या उपकरण को प्रयोग में लाने से पहले चेतावनी चिन्हो को हमेशा पढे ताकि हम यह स्मरण कर सके कि क्या किया जाना चाहिये , और क्या नहीं किया जाना चाहिये I
- प्रचालन प्रक्रिया में सुरक्षा और पी पी ई (PPE) आवश्यकताओ को, अनुरक्षण प्रक्रियाओ , या कार्य अनुमति दस्तावेजो को आप पढ सके और समझ सके I इन आवश्यकताओ को आप अनुसरण करे , और यदि आप इन जरूरतो को आप नहीं समझ पा रहे है तो आप अपने पर्यवेक्षक से सहायता की मांग करे I
- यदि आप यह सोचते है कि एक लिखित प्रक्रिया या संकेत पट्टी पर बहुत अधिक चेतावनी संकेत दिखाये गये है , जो ये पाठको का ध्यान आवयश्क चेतावनी संकेतो से विचलित कर सकते है , यह अपने पर्यवेक्षको को सूचित करे I
- क्या संकेत सही स्थान और सही संख्या में है ? क्या ये प्रभावशाली अनुस्मारक (reminders) है? क्या चेतावनी चिन्ह बिल्कुल सही है ?
- प्रणालियो में चेतावनी चिंह और संकेतो में सुधार के लिये प्रयाप्त सुझावो का प्रस्ताव रखे I उदाहरण के लिये , ऊपर दर्शाये चित्र में प्लेट्फार्म पर 24 चेतावनी संकेतो को दिखाया गया है I क्या 24 चिन्हो में से कुछ को एकत्रित किया जा सकता है ? समूह बनाये जा सकते है? प्राथमिकता दी जा सकती है ?क्या यह सभी आवश्यक है ?
- आप मई 2013 का *बिकॉन अंक* खराब संकेतो से सम्बंधित उदाहरणो के लिये पढे I

**हमें चेतावनी संकेतो की आवश्यता है – और ये विषय पर केंद्रित होने चाहिये !**

©AIChE 2019 सभी अधिकार सुरक्षित शैक्षणिक और गैर लाभ उद्देश्यों के लिए पुन:प्रकाशन को प्रोत्साहन दिया जाता है । तथापि AIChE की लिखित अनुमति के बिना अन्य उद्देश्यों के लिए इसका पुन:प्रकाशन वर्जित है। आप हमें ccps_beacon@aiche.org या 646-495-1371 पर संपर्क करे ।

यह बीकॉन अरेबिक,अफ्रीकन, चीनी,डेनिश,डच,अँग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन,ग्रीक,गुजराती,हिब्रू,,हिंदी,इटालियन,जापानी,कोरियन,मालाय,मराठी,नार्वेजियन,परशियन,पालिश,रूमानियन,रशियन,स्पेनिश, स्वीडिश,तेलगू, तुर्किश,थाई और वीयतनामी भाषाओं में उपलब्ध है।
Translated into Hindi by Vivek Ranjan Gupta, Bharat Oman Refineries Limited Bina MP India